सप्तदश बिहार विधान सभा

नवम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–03 बुधवार, दिनांक–12 जुलाई, 2023 ई०।

माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 11:37 बजे पूर्वाह्न तक।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन की अनुमति से माननीय नेता विरोधी दल तथा माननीय सदस्य, श्री सत्यदेव राम द्वारा अपने–अपने विषय को रखा गया।

[1] प्रश्नकाल :–

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।

(iii) 07 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

तारांकित प्रश्न संख्या–131 के उत्तर के लिए माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा समय की मांग की गयी।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने तथा सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने का बार–बार अनुरोध किया गया, परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–13 जुलाई, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–12.07.2023

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।